(c) TDA Project	Proposed allocation of funds for 1978-79
	(Rs. in lakhs)
Ganjam . . .	35 00
Koraput .	35·00
Keonjhar . .	27·50
Phulbani .	27·50
TOTAL .	125 00

(d) Name of the TDA Project	Expenditur incurred by State Government from 1-4-77 to 31-1-78
	(Rs in lakhs)
TDA Ganjam . . .	3 47
TDA Koraput	5·04
TDA Keonjhar .	3·20
TDA Phulbani . .	3 75
TOTAL . .	15·46

गांधीवादी विचारधारा पर आधारित बुनियादी शिक्षा का अध्ययन

4245. **श्री छीतूभाई गामित :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को पता है कि नए ढंग के पोस्ट बेसिक स्कूलों में गांधीजी की विचारधारा पर आधारित बुनियादी शिक्षा का अध्ययन बड़े सन्तोषजनक ढंग से चल रहा है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार वर्तमान शिक्षा के परिणामों को ध्यान में रखकर देश भर में इस नये ढंग की बुनियादी शिक्षा को माध्यमिक कक्षाओं में भी लागू करने का है, और यदि हां तो उसे कब लागू किया जायेगा तथा तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और

(ग) क्या जो स्कूल यह नये ढंग की शिक्षा देंगे उनको सरकार कोई विशेष अनुदान देगी और यदि हां तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और यह अनुदान कब से दिया जायेगा

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) देश के बुनियादी और उत्तर-बुनियादी स्कूलों का हाल ही में कोई मूल्यांकन अध्ययन नहीं किया गया है।

(ख) गांधीजी की बुनियादी शिक्षा की विचारधारा के आधार पर दस-वर्षीय स्कूल पाठ्यचर्या संबंधी पुनरीक्षण समिति (ईश्वर भाई पटेल समिति) ने सामाजिक रूप में उपयोगी उत्पादक कार्य और समाज सेवाओं का स्कूलों की पढ़ाई के एक अनिवार्य अंग के रूप में शामिल करने की सिफारिश की है। राज्य सरकारों को ईश्वर भाई पटेल समिति द्वारा सिफारिश की गई इस पाठ्यचर्या को लागू करने की सलाह दी गई है।

(ग) सामाजिक रूप में उपयोगी उत्पादक कार्य का एक विषय के रूप में लागू करने के परिणामस्वरूप स्कूलों को सहायता-अनुदान की वर्तमान पद्धति में, जैसी कि राज्यों में प्रचलित है, किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन की संभावना नहीं है।